"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/ सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 12] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 19 मार्च, 2004—फाल्गुन 29, शक 1925

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोपाल कृष्ण भूइयां आत्मज स्व. राधाकिशन भूइयां, रेल्वे कर्मचारी इलेक्ट्रीकल टी. आर. डी. विभाग, बिलासपुर, वायरलेस रेल्वे कालोनी, क्वार्टर नम्बर 1198/A, बिलासपुर (छ. ग.) का निवासी हूं, मैं अपना उपनाम परिवर्तन कर, गोपाल कृष्ण राय, आत्मज स्व. राधाकिशन रख लिया हूं तथा इस आशय का शपथ-पत्र दे दिया हूं. अत: भविष्य में मुझे गोपाल कृष्ण राय आत्मज स्व. राधाकिशन के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम
गोपाल कृष्ण भूइयां
पिता. स्व. राधाकिशन भूइयां
पता-वायरलेस रेल्वे कालोनी,
क्वा. नं. 1198/A, बिलासपुर (छ. ग.)

नया नाम
गोपाल कृष्ण राय
पिता स्व. राधाकिशन
पता-वायरलेस रेल्वे कालोनी,
क्वा. नं. 1198/A, बिलासपुर (छ. ग.)

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अरविंद कुमार अनल पिता श्री रामव्यास पांडे, दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे में रेलपथ पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत हूं, वायरलेस कालोनी क्वा. नं. RE/II/5/C, रेल्वे कालोनी, बिलासपुर (छ. ग.) का निवासी हूं, मैं अपना उपनाम परिवर्तन कर अरविंद कुमार
पांडे पिता श्री रामव्यास पांडे रख लिया हूं तथा इस आशय का शपथ-पत्र दे दिया हूं. अतः भविष्य में मुझे अरविंद कुमार पांडे पिता श्री राम व्यास पांडे के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
अरविंद कुमार अनल	अरविंद कुमार पांडे.
पिता-श्री राम व्यास पांडे	पिता श्री रामव्यास पांडे
पता-क्वा. नं. RE/II/5/C,	पता-क्वा. नं. RE/II/5/C,
रेल्वे कालोनी, बिलासपुर (छ. ग.)	रेल्वे कालोनी, बिलासपुर (छ. ग.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, रायपुर

रायपुर दिनांक 5 मार्च 2004

क्र./क/अ.वि.अ. ट्रस्ट 04.—चूंकि श्री विरेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव, स्वामी विवेकानंद ग्रामीण विकास समिति बरबंदा, तह. व जिला रायपुर ने म. प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1961 (27 जून 1961) की धारा 4 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करने हेतु आवेदन-पत्र दिया है.

अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 5-4-2004 को होगी.

2. यदि किसी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वह इस सूचना के निकालने के पन्द्रह दिवस के भीतर में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें. और पेशी के दिन स्वतः या अपने वकील अथवा एजेंट के द्वारा उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि समाप्त होने पर प्रस्तुत किए गए आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता व संपत्ति का विवरण)

अचल संपत्ति	:	घास जमीन खसरा नंबर 456/8 के भाग पर सत्संग भवन बना है.
चल संपत्ति	:	सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में खाता क्रमांक 10889 में 1787/- रु. 90 पै. जमा है.

के. के. बक्शी,
पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2004.